## संक्षिप्त

### 'बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में लापरवाही ना बरतें'

**टोंक।** बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाये। समस्त बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाये। बैठक में सीएमएचओ को निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन के प्रकरणों में जल्द कार्यवाही की जाये। जिले में पीडब्ल्यूडी के प्रस्तावित कार्यो की स्थिति की जानकारी लेने पर अधिकारियों ने अवगत करवाया कि कई कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी कर दिये गये हैं। कुछ कार्य के टेंडर जल्द लगाये जायेंगे। क्षतिग्रस्त सड़कों के पेचवर्क का कार्य जल्द करवाने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बरसात के बाद उक्त कार्य किया जाये। इस पर अधिकारियों ने अवगत करवाया कि जो सड़के गारंटी पीरियड में हैए उनकी मरम्मत संबंधित संवेदक से करवाई जायेगी। जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ करवाये जाये।

### शहीदों की याद में 42 यूनिट रक्तदान

**निवाई।** कारगिल शहीदों की याद में वनस्थली मोड स्थित रिको क्षेत्र में डाबर इंडिया लिमिटेड परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 42 युवाओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। राजस्थान नर्सेज एसोशियशन टोंक जिलाध्यक्ष त्रिलोकचन्द मीणा ने बताया कि रक्तदान शिविर में टोंक सआदत अस्पताल की ब्लड डोनेट टीम द्वारा 42 यूनिट रक्त संठाह किया। इस अवसर पर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के डॉ. योगेन्द्र विजय, नर्सिंग ऑफिसर देवेन्द्रसिंह, हंसराज, सोमेश भारद्वाज, डाबर इंडिया के इकाई हैड दिगास्ता व अनुप चौधरी सहित कई युवा मौजूद थे।

### श्री शनि महाराज का जन्मोत्सव आज

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के स्टेशन रोड पर स्थित श्री शनि देव महाराज मंदिर में शनिवार सप्तमी को शनि महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। श्री शनि देव मंदिर के पुजारी उमराव व जीतू ने बताया कि शनिवार को मंदिर में अलौकिक श्रृंगार किया जाकर छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी व प्रातः 5 बजे तेल व दूध से अभिषेक किया जाएगा वहीं रात 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

### हृदय रोग जांच शिविर कल

**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज और खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 28 जुलाई को शहर के रोटरी भवन में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय खंडेलवाल और डॉक्टर अरुण यादव और उनकी टीम हृदय रोगियों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देगी।

# कारगिल विजय दिवस पर मोक्षधाम में पंचवटी विकसित की

**निवाई।** कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर झिलाय रोड पर स्थित मोक्ष धाम में नगरपालिका के सहयोग से वन चेतना प्रभारी रामफूल शर्मा के सानिध्य में पंचवटी की स्थापना करने के साथ ही 101 विभिन्न छायादार पौधे लगाए। पौधारोपण के दौरान पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने शहीदों को याद करते हुए उनके पराक्रम की प्रशंसा की और शहीदों की याद में पंचवटी की स्थापना की। इस अवसर पर वनचेतना प्रभारी रामफूल शर्मा ने कहा कि भारतीय जांबाजों के पराक्रम के चलते ही आज सभी चोटियों पर भारतीय तिरंगा लहरा रहा है। इस अवसर पर 101 पौधे लगाए जिनमें बिल्वपत्र, अशोक, कदम, बरगद व नीम सहित कई छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर नगरपालिका राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा, कनिष्ट अभियंता निशांक जैन, सीताराम सैन, गुलाब जायसवाल, मनीष चौधरी, हनुमान सैन सहित कई देशभक्त मौजूद थे। पौधारोपण के बाद शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी प्रकार गांव जौंला में स्मारक स्थल पर कारगिल में शहीद देवालाल की प्रतिमा पर माला व पुष्प अर्पित कर 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसडीएमसी सदस्य व शहीद देवालाल गुर्जर के साथी रहे नरपत सिंह ने शहीद देवालाल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष मौजीराम जाट, नरपत सिंह, विधायक प्रतिनिधी रामविलास गुर्जर, प्रधानाचार्य लक्ष्मणलाल मीणा, एसडीएमसी सचिव हनुमानप्रसाद बैरवा, दयाराम बैरवा, सीमा गोयल, बद्रीलाल जाट, राजपाल यादव व मोहम्मद रिजवान सहित विद्यार्थी व कई ग्रामीण मौजूद थे। अन्त में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इसी प्रकार उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए भारत माता के जयकारों से विद्यालय परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस की ब्लेकेट कमांडो ने कारगिल शहीदों को नमन करते हुए उनके जोश से छात्र-छात्राओं को अवगत करवाया। इस दौरान हजारों छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने 2 मिनिट का मौन रखकर शहीदों का श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रभारी मोहनलाल शर्मा, सुरेशचन्द पारीक, सीमा माथूर, शिवराज पारासर, गिर्राज गुर्जर, सूर्यप्रकाश खंडेलवाल, अवदेश राजवंशी, नन्दलाल मीणा, केदार जाट, राजेश जैन व राधेश्याम बारेठ सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



पालिकाध्यक्ष इसरानी ने निवाई में कारगिल विजय दिवस पर मोक्ष धाम में पौधे लगाए।

## सार-समाचार

### लीवर डोनर से मिले रामलाल शर्मा



**चौमूं / कालाडेरा ( निसं )।** शुक्रवार को हॉस्पिटल दिल्ली में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जाकर चौमूं उपखण्ड के ग्राम हाडौता निवासी राकेश यादव से मिलकर उनकी व उनकी पत्नी की कुशलक्षेम जानी। गौरतलब है कि हाल ही में राकेश यादव ने अपनी पत्नी राजू देवी को लीवर दान किया है। राकेश यादव ने अपनी बीमार पत्नी को लीवर देने की स्वयं ने ठान ली और 9 जुलाई को दिल्ली में ऑपरेशन के बाद से दोनों पति-पत्नी चिकित्सकों की टीम की देखरेख में है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने दिल्ली अस्पताल में मिलकर उनसे दोनों के स्वास्थ्य के बारे जाना और दोनों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### शिवालय में हुआ सहस्त्र घट

**निवाई।** प्राचीन शिवालय मायला कुंड में शुक्रवार को आचार्य हनुमानप्रसाद शास्त्री के निर्देशन में अखंड सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। श्रद्धालु पवन साहू ने बताया कि शिवालय में श्री भोलेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में श्रावण मास के दौरान अखंड सहस्त्र घट का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य हनुमान प्रसाद शास्त्री के निर्देशन में पंडित मुकेश शास्त्री व पंडित रवि शर्मा के सानिध्य में यजमान अनीस सोनी व जतिन सोनी ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा कर जलाभिषेक कर रहे हैं। सहस्त्र घट के बाद श्रृंगारकर्ता राजू सोनी, सीटू सोनी, लक्की पंडा, गौरव साहू, अर्पित नामा व मयंक जांगिड़ भगवान भोलेनाथ का प्रतिदिन अलग-अलग मुद्रा में श्रृंगार करते हैं।

### कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**निवाई।** जलदाय विभाग को आरडब्ल्यूएसएससी में हस्तानानंतरित करने के राजस्थान सरकार के फैसले के विरोध में संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले शुक्रवार को प्रदेशभर में जलदाय विभाग के इंजीनियर्स व कर्मचारी छुट्टी पर रहे। इस दौरान जलदाय विभाग उपखण्ड निवाई के इंजीनियर्स व कर्मचारीयों द्वारा भी आरडब्ल्यूएसएससी वापिस लो के नारो के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान विभागीय सहायक अभियंता नितिन जैन, कनिष्ठ अभियंता देवाशीष वैद्य, आशीष शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुनील जैन, कनिष्ठ सहायक दीपेंद्र चौहान, पारस वर्मा, देवराज राजावत व रामावतार कुम्हार सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

### कारगिल दिवस धूमधाम से मनाया

**मनोहरपुर।** कस्बे के पुरानी सड़क स्थित राजकीय धूलेश्वर आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में शुक्रवार को त्रिदिवसीय समारोह के रूप में कारगिल विजय दिवस रजत जयन्ति समारोह हर्षोलास एवं धूमधाम से सम्पन्न हुआ इस दौरान प्राचार्य डॉ. संजय कुमार यादव ने बताया की इस त्रिदिवसीय समारोह में 24 जुलाई 24 को एन. सी.सी. कैडेट्स की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सज्जन कुमार गुर्जर प्रथम्, विकास यादव द्वितीय एवं पूजा वर्मा तथा खुशी शर्मा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से 25 जुलाई को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें एक पेड मां के नाम तथा एक पेड देश के नाम की थीम पर एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. संजय कुमार यादव एवं 39 कैडेट्स तथा छात्र छात्राओं एवं स्टाफ सदस्य सहायक आचार्य लालचन्द लोधा, दीपक शर्मा, मनीष शर्मा, नन्दलाल शर्मा, पवन कुमार शर्मा, श्रवण लाल, कानाराम, मंजू, ज्योति, सभी ने महाविद्यालय प्रांगण में एक-एक पेड लगाया। दि. 26 जुलाई 24 को कारगिल विजय का मुख्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ. संजय कुमार यादव ने 1948 में कश्मीर पर कबायली सेना के रूप में पाक सेना के आक्रमण, 1962 का भारत-चीन युद्ध, 1965 व 1971 का भारत-पाक युद्ध तथा 1999 में कारगिल विजय पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## नारेबाजी कर यूनुस खान का फूंका पूतला

**श्रीमाधोपुर ( कासं )।** कस्बे में रोडवेज मुख्य बस स्टेंड पर पूर्व परिवहन मंत्री व विधायक युनूस खान द्वारा विधानसभा में रोडवेज बसों को लेकर दिए बयान के खिलाफ कार्मिकों का आक्रोश फूट पडा और बस स्टेंड पर जमकर विरोध प्रदर्शन कर विधायक के खिलाफ नारेबाजी की और विधायक खान का फुतला फूंका। पूर्व परिवहन मंत्री व विधायक युनूस खान ने विधानसभा में 20 जुलाई 2024 को परिवहन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान डीजल महंगा होने के कारण प्रदेश में रोडवेज की बसों को बढावा देने के बजाय लोक परिवहन सेवा की नीजी बसों की संख्या का विस्तार करने की पुरजोर वकालत की। रोडवेज विरोधी विधायक द्वारा बयान देने पर रोडवेज के कार्मिकों में रोष व्याप्त हो गया और प्रदेशव्यापी संगठन के आव्हान पर राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों का संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में कार्मिकों ने विरोध प्रदर्शन किया।

## अपर लोक अभियोजक का स्वागत



कोटपूतली अपर लोक अभियोजक प्रेम प्रकाश शर्मा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

**कोटपूतली ( कासं )।** स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय क्रम सं. 01 में राजेश कुमार चौधरी व अपर जिला एवं सत्र न्यायालय क्रम सं. 02 में प्रेमप्रकाश शर्मा के अपर लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक नियुक्त होने पर शुक्रवार को अधिवक्ताओं द्वारा दोनों अपर लोक अभियोजकों का माला, साफा पहनाकर एवं मिठाईकर खिलाकर स्वागत करते हुये बधाई दी गई।

इस मौके पर राजेन्द्र रहीसा, महेश रहीसा, चेतराम रावत, उदयसिंह तंवर, बजरंग लाल शर्मा, ज्योति शर्मा, पुष्कर शर्मा, मनीष मुक्कड़, रविन्द्र सिंह शेखावत, महेश मीणा, राजाराम कसाना व सतीश सैनी सहित अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## शहीद स्मारक पर पौधे लगाए

**अलवर।** स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति की तरफ से आज कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान माँ भारती के अमर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए उनकी याद में शहीद स्मारक के पास गार्डन में पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व समिति की तरफ से शहीद स्मारक पहुंचकर कारगिल युद्ध के दौरान शहीद होने वाले वीर सेनिकों को श्रद्धांजलि अर्पण की गई।

उन्होंने बताया कि देश के महान सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलाया जा सकता जिन्होंने अपना सर्वस्व अर्पण करते हुए विपरीत परिस्थितियों में कारगिल चोटी पर तिरंगा लहराते हुए दुश्मनों को मुंह तोड जवाब दिया। संपूर्ण भारत को इन महान बलिदानियों और वीर साहसी योद्धाओं पर गर्व हैं। इनके त्याग- बलिदान और समर्पण से बढकर कुछ भी नहीं है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ धरना 596 वें दिन भी रहा जारी

**कोटपूतली।** कस्बे के मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना शुक्रवार को लगातार 596 वें दिन भी मन्दिर प्रांगण में बदस्तूर जारी रहा। समाज सेवी राधेश्याम शुक्लावास ने जानकारी देते हुए बताया कि जोधपुरा (मोहनपुरा) के सघन आबादी, बसावटों व माध्यमिक विद्यालय से 82 मीटर की दूरी पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा पत्थर पीसने का क्रेशर जो अब तक अवैध संचालित पाये जाने पर प्रशासन, पोल्यूशन विभाग व माइनिंग विभाग ने बंद करवाया है उसको आबादी के नजदीक से हटाया जाये या गांव का पुनर्वास किया जाये की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। उक्त क्रेशर का मुद्दा जब विधानसभा में उठाया जा चुका है तो यह क्रेशर कैसे चल रहा है इस पर प्रशासन द्वारा अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया है। इसको लेकर धरनार्थियों में नाराजगी है। राधेश्याम शुक्लावास ने कहा कि सीमेंट प्लांट द्वारा रात्रि को क्रेशर चलाकर गांव में धूल धुआं फैलाया गया, जिसका ग्रामीणों ने विडियो बनाकर नारेबाजी की तो इसे बंद कर दिया गया। इस सम्बंध में जिला कलेक्टर, एसडीएम व डीएसपी को भी अवगत करवाया गया है। दूसरी ओर ने ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एडीएम योगेश कुमार डागुर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को सीमेंट उधोग ईकाई लगाने का परमिशन है, लेकिन आबादी के नजदीक रोड़ी, डस्ट, तैयार करने का क्रेशर भी लगा दिया गया है। जिससे कोढ में खाज वाली कहावत चरितार्थ कर दी है। इससे जोधपुरा के लोगों को ओर ज्यादा संकट में डाल दिया गया है। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, हरभगत कम्पाउंडर, प्रभूदयाल वर्मा, रामावतार यादव, पवन धानका, मदन योगी, लीलाराम यादव, सूबेसिंह मीणा, विजय यादव, कानाराम यादव, जयराम यादव, भूपसिंह धानका, रोहिताश योगी, रामनिवास अध्यापक, विजय यादव व मोहर सिंह योगी सहित बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रही।

**■ ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ए.डी.एम. को सौंपा ज्ञापन**

## श्रद्धांजलि दी

**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी कार्मिक एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा 2 मिनट का सामूहिक मौन रखकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए मां भारती के सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई , इसके बाद शहीदों की शहादत पर देशभक्ति के जय घोष लगाए गए, विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति के गीत एवं कारगिल देशभक्ति की गाथा सुनाई गई ।

## कार्यशाला का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविधालय में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाईड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में स्काउट गाईड की रेंजर ईकाई संचालित करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक सचिव रामवीर यादव ने महाविद्यालय की रेंजर को स्काउट गाईड की भावी कार्य योजना और राष्ट्र सेवा के रूप में महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए स्काउट गाइड के उज्जवल भविष्य होने के विषय में बताया। वही स्काउट गाइड से मिलने वाले फायदों की जानकारी दी। वहीं ट्रेनिंग काउंसलर कमलेश कुम्हार ने स्काउटिंग की बाहरी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। प्रो. जगराम गुर्जर ने कहा कि व्यक्तित्व निखार करना है तो स्काउट गाइड को चुनना होगा। प्रो. विमल यादव ने कहा कि जो अपने आप को सर्वोत्तम सिद्ध कर पायेगा वहीं अपने जीवन में सफल हो पायेगा। यह संस्था करके सीखने की एक पाठशाला है, प्रकृति के नजदीक जाने का अवसर मिलता है। रेंजर प्रभारी प्रो. चंचल कुमारी व प्रो. चंद्रप्रभा ने भी विचार व्यक्त किये।

# प्रदूषण मुक्त भिवाड़ी बनाने के सार्थक परिणाम

**भिवाड़ी।** प्रदूषण मुक्त भिवाड़ी की संकल्पना को साकार करने के लिए किए गए प्रयास सार्थक साबित हो रहे हैं। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने बताया कि भिवाडी में लम्बे समय से जलभराव एवं प्रदूषित जल की समस्या सामने आ रही थी जिसको प्राथमिकता देते हुए समस्या के समाधान पर विभिन्न विभागों के संयोजन से कार्य योजना तैयार कर सार्थक प्रयास किये गए हैं। इसमें न केवल मंडल के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया बल्कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु समय समय पर मुख्यालय एवं जिला स्तर पर बैठकों का आयोजन किया गया। भिवाड़ी जिला प्रशासन, रीको, बीड़ा व् अन्य सम्बंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके परिणाम स्वरूप बारिश के बाद ड्रेनेज के पानी की गुणवत्ता में कहीं हद तक सुधार हुआ है जो यह इंगित करता है कि सार्थक रूप से किये जा रहे संयुक्त प्रयास सफलता की राह पर है।

**■ 'विभिन्न विभागों के सहयोग से भिवाड़ी प्रदूषित जल की समस्या निबटाई'**

राज्य प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में आदर्श राज्य बने और प्रदूषण मुक्त राज्यों की श्रेणी में शामिल हो इसके लिए मंडल द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

इस सम्बन्ध में मंडल के सदस्य सचिव एन विजय का कहना है कि राज्य में आम जनता को प्रदूषण मुक्त वातावरण मिल सके एवं उद्योगों में सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देकर सुगम संचालन की राह को आसान किया जा सके इस दिशा में लगातार वृहद स्तर पर प्रयास किये जा रहे है। भिवाडी न केवल राज्य के लिए बल्कि सम्पूर्ण देश में एक महत्वपूर्ण आद्योगिक नगरी है। प्रदूषण मुक्त भिवाड़ी की संकल्पना को संजोये मंडल मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारीयों द्वारा हर संभव स्तर पर प्रयास किये गए। जिसके परिणाम स्वरुप जब बारिश के दौरान ड्रेनेज के पानी के सेम्पल लिए गए तो पानी की गुणवत्ता में अप्रत्याशित सुधार दर्ज किया गया।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के भिवाड़ी क्षेत्रीय मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि यहाँ लम्बे समय से जल प्रदूषण की समस्या सामने आ रही थी जिसको मध्यनजर रखते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया गया जिसके तहत सीईटीपी को 06 एम एल डी क्षमता के जेडएलडी में रूपांतरित किया गया। इस प्लांट में औद्योगिक इकाइयों के निकलने वाला ख़राब पानी को शोधित कर वापस औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचा कर पुनरुपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए भिवाड़ीआद्योगिक क्षेत्र में 60 किलोमीटर की लाइन गंदे पानी को लाने तथा 100 किलोमीटर की लाइन उपचारित पानी को पुनः सप्लाई हेतु बिछायी गयी है।

## 'खैरथल-तिजारा जिले में एक साथ 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य'

**खैरथल।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल पर राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक हुई। बैठक में किशनगढ़ बास,कोटकासिम और मुंडावर एसडीएम तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के हरित राजस्थान के तहत हरियाली तीज के त्योहार पर जिले में एक साथ 50 हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार स्तर पर लंबित सरकारी, चारागाह, सिवायचक भूमि अतिक्रमण के प्रकरणों, तलफी, पत्थरगड़ी, तरमीन कार्य, एलआर एक्ट, पीडीआर एक्ट, रोड़ा एक्ट, सीएमओ, स्टेट एवं लोकायुक्त के प्रकरणों पर कार्यवाही कर जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। तथा राजस्व विभाग के सभी प्रकरणों की समीक्षा की और लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर शुक्ला ने कहा कि जिले में अभियान के तहत 7 अगस्त को हरियाली तीज के अवसर पर जिले में 5 0 हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्व में ही आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि समय रहते नर्सरी से पौधों की व्यवस्था एवं पौधों के लिए गड्ढे खोदे जाए।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान में हमारा लक्ष्य न केवल अधिक से अधिक पौधे लगाना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि वे पौधे जीवित रहें और फल-फूल सकें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों की जिम्मेदारियों को सफलता पूर्वक लागू करे और इसकी निगरानी भी करें। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, एसडीएम कोटकासिम सुभाष यादव व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी श्रीचंद यादव सहित शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# विरांगनाओं का सम्मान कर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किये

**मालपुरा ( निस )।** पूर्व सैनिक आदर्श कल्याण संस्थान मालपुरा शाखा के तत्वाधान मे शुक्रवार को 25वां कारगिल विजय दिवस मनाया गया। पीनणी रोड शहीद स्मारक पर शहीदो के सम्मान मे आयोजित श्रद्धाजंली सभा कार्यक्रम मे पहुंची केबिनेट मंत्री की प्रतिनिधि राधा देवी चौधरी ने शहीद स्मारक पर शहीदो को पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। सलामी के दौरान भारत मां के वीर सपूतो को नमन करते हुये केबिनेट मंत्री की पत्नि की आंखो मे आंसु झलक पडे। इस मौके पर शहीदो क विरांगनाओं को सम्मान से नवाजते हुये राधा देवी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ 6० दिन तक चले कारगिल युद्ध मे 26 जुलाई को भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय फतेह किया। आज भी 26 जुलाई का यह दिन कारगिल विजय दिवस के रूप मे मनाते हुये हर भारतीय नागरिक का सिर गर्व से उंचा हो जाता है। पाकिस्तान के नापाक ईरादे आज भी कई नापाक हरकते करने का प्रयास कर रहै है लेकिन सीमा पर तैनात भारत मां के वीर सपूत हर नापाक ईरादे को नस्ते नाबूद कर पाकिस्तान को धुल चटा रहै है। इन्ही भारतीय वीर सपूतो की बदोलत आज हम घरो मे चैन की नींद सो रहै है। कारगिल युद्ध मे अपनी जान की बाजी लगाने वाले शहीदो की इन विरांगनाओं का आज हर आम नागरिक को सम्मान करना चाहिऐ। इस मौके पर थानाधिकारी चेनाराम बेडा,विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, रमाकांत पाठक,सत्यनारायण गौरी, सहित शहर के गणमान्य नागरिको ने शहीद स्मारक पर श्रद्धालजंली दी।



25वें कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित किया।

## बजट में मिली पेयजल सौगातों से अलवर को मिलेगा भरपूर जल

**अलवर।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल अलवर जिला औद्योगिक एवं कृषि के क्षेत्र में प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है तथा केंद्र व राज्य की राजधानियों के बीच में स्थित होने के कारण इसका महत्व और भी बढ जाता है। यहां विगत वर्षों से कम बरसात व लगातार भू-जल दोहन से सम्पूर्ण अलवर जिला डार्क जोन में चला गया है जिसमें पेयजल व सिंचाई के पानी का संकट उत्तरोतर बढ रहा है। यहां सतही जल से पेयजल आपूर्ति की कोई योजना नहीं होने के कारण पूरा जिला भू-जल पर ही निर्भर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ईआरसीपी योजना को अमलीजामा पहनाने की दिशा में भागीरथी कदम बढ़ाये है जिसके के तहत मध्यप्रदेश सरकार के साथ एमओयू करके पूर्वी राजस्थान के 21 जिले के लिए जलसंकट को दूर कर खुशहाली लाने का काम किया है। इस पेयजल परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 21 जिले लाभांवित होंगे इसमें अलवर जिले को भी इस योजना को भी भरपूर पानी मिल सकेगा।

अलवर जिले की पेयजल समस्या को दूर करने की विगत वर्षों की मांग को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए बजट 2024-25 में अलवर जिले के पेयजल संकट को दूर करने एवं भूजल स्तर को बढाने के लिए बहुत सारी सौगातें दी गई है जिससे जिले की पेयजल समस्या का समाधान होने के साथ ही सिंचाई के लिए किसानों को पानी मिलने से जिले में खुशहाली आएगी। राज्य सरकार के इस ऐतिहासिक कदम से जिलेवासियों में खुशी की लहर है तथा जिलेवासियों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के इस कदम को अलवर जिले के लिए भागीरथी कदम बताया है।

बजट में 5 हजार 374 करोड रूपये की राशि से पीकेईआरसीपी योजना के तहत अलवर सहित अन्य जिलों को पानी मिलेगा जिससे क्षेत्र की पेयजल समस्या दूर होगी। इसी प्रकार अलवर शहर की पेयजल समस्या के तत्कालीन समाधान के लिए 23 करोड 26 लाख रूपये की लागत से सिलीसेढ क्षेत्र के ट्यूबवेल व पाइप लाइन के माध्यम से अलवर शहर को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।